Madhunad: CSCA Cultural Function 2026

MY NET TV

निष्पक्ष,निर्भीक,निश्छल

डिजिटल समाचार

Sunday 8th March 2026 website: mynettv. online

राजकीय महाविद्यालय धामी में केंद्रीय छात्र संघ द्वारा 'मधुनाद' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

धामी। राजकीय महाविद्यालय धामी में केंद्रीय छात्र संघ के तत्वावधान में 'मधुनाद' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच संचालन अनुष्का शर्मा द्वारा किया गया। केंद्रीय छात्र संघ की अध्यक्ष रीना ने सभी आमंत्रित अतिथियों का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है तथा उनमें आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर मनीषा ने सेमी-क्लासिकल नृत्य प्रस्तुत करते हुए "डोला रे डोला" तथा "सिलसिला ये प्यार का" गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इसके अतिरिक्त प्रियंका और उनकी सखियों ने पंजाबी नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। वहीं मुस्कान और उनकी सखियों द्वारा प्रस्तुत हरियाणवी नृत्य ने भी दर्शकों का मन मोह लिया। सुश्री ममता बंसल ने लोकगीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में लोक संस्कृति की झलक पेश की, जबकि भारती ने पंजाबी गीत प्रस्तुत कर पूरे सभागार में समां बांध दिया।

महाविद्यालय की सभी सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन सांस्कृतिक संयोजक डॉ. ज्ञानचंद, डॉ. दिनेश शर्मा, डॉ. उज्ज्वल राठौर तथा डॉ. मनीला के निर्देशन में संपन्न हुआ।

डोला रे डोला गाने पर धामी कॉलेज में धमाल

मधुनाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रा मनीषा का नृत्य बना आकर्षण का केंद्र

संवाद न्यूज एजेंसी

धामी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं छात्राएं। स्रोतः कॉलेज

शिमला। राजकीय महाविद्यालय धामी में केंद्रीय छात्र संघ की ओर से शनिवार को मधुनाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य और संगीत की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

इसमें मनीषा ने सेमी क्लासिकल नृत्य में डोला रे डोला और सिलसिला ये प्यार का गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद प्रियंका और उनकी सखियों ने पंजाबी नृत्य से माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया जबकि मुस्कान और उनकी सखियों के हरियाणवी नृत्य को भी खूब सराहना मिली। इसके अलावा ममता बंसल ने लोकगीत प्रस्तुत कर लोक संस्कृति की झलक पेश की और भारती ने पंजाबी गीत से समां बांधा।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन अनुष्का शर्मा ने किया जबकि केंद्रीय छात्र संघ की अध्यक्ष रीना ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम के आयोजन में सांस्कृतिक संयोजक डॉ. ज्ञानचंद, डॉ. दिनेश शर्मा, डॉ. उज्ज्वल राठौर और डॉ. मनीला का विशेष सहयोग रहा।